>

Title: Need to set up a High Power Transmitter (Radio) in Pauri Garhwal.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति महोदय, गढ़वाल मंडल के मुख्यालय पौड़ी गढ़वाल में 25.11.1996 को स्वयं मेरे द्वारा आकाशवाणी ट्रंसमीटर का उद्घाटन किया गया था। उस संमय 16 के.वी. क्षमता के ट्रंसमीटर को स्थापित किये जाने की स्वीकृति थी लेकिन इस केन्द्र के लिये मात्र एक के.वी. की क्षमता वाले ट्रासमीटर की स्थापना की जा सकी है। यह आश्चर्य की बात है कि वर्ष 1996 से अब तक उस आकाशवाणी केन्द्र का किसी प्रकार सुधार अथवा विस्तार नहीं हो पाया है। इस केन्द्र के सभी पद रिक्त चले आ रहे हैं जिसके कारण यह केन्द्र बंद होने के कगार पर है। मैं आपके तथा सदन के माध्यम से केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री से आग्रह करना चाहता हूं कि आकाशवाणी केन्द्र, पौड़ी की दशा और दिशा बदलने के लिये ठोस कदम उठाये जायें और केन्द्र के लिये शक्तिशाली ट्रंसमीटर लगाया जाये ताकि रिक्त पदों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की शीघ्र तैनाती कराई जा सके।

MR. CHAIRMAN: Shri Nripendra Nath Roy -- Not Present.

Shri Sanjay Bhoy would like to raise an issue which is a State matter and so it is not allowed.